राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः प.14(32)(4)RSSB/अर्थना/उ.वि./पात्रता जाँच/2019/3025 दिनांक 12.06.2020

–:: कार्यालय आदेश ::–

हाथकरघा निरीक्षक एवं लवण निरीक्षक के पदों पर सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच की सूचना

बोर्ड द्वारा उद्योग विभाग के लिए राजस्थान उद्योग अधीनस्थ सेवा नियम–1966 यथा संशोधित के अन्तर्गत गैर अनुसूचित क्षेत्र के लिए हाथकरघा निरीक्षक के 05 एवं लवण निरीक्षक के 06 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 03/2018 दिनांक 13.03.2018 को बोर्ड द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र (On Line Application Form) आमन्त्रित किये गये थे। उक्त भर्ती की परीक्षा दिनांक 22.12.2019 को आयोजित की गई थी। इन परीक्षाओं का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 30.04.2020 को जारी किया गया है। हाथकरघा निरीक्षक के 05 एवं लवण निरीक्षक के 06 रिक्त पदों के विरूद्ध वरियता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों का 1.5 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचीबद्ध किया गया है। ये सूचियां पूर्णतया अस्थाई एवं अनन्तिम (Purely Provisional) है। इन अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच मूल दस्तावेजों से की जानी है। साथ ही पात्रता एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) भी लिया जाना है। अतः हाथकरघा निरीक्षक के 05 एवं लवण निरीक्षक के 06 पदों पर अस्थाई (Provisional) रूप से सूचीबद्ध निम्नलिखित रोल नम्बर वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **हाथकरघा निरीक्षक के पद पर सूचीबद्ध अभ्यर्थी दिनांक 18.06.2020 को एवं लवण निरीक्षक के पद पर सूचीबद्ध अभ्यर्थी दिनांक 19.06.2020 को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड दुर्गापुरा, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर** पर प्रातः **11:00** बजे पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें:–

हाथकरघा निरीक्षक

रोल नम्बर	दिनांक
100055 100077 100169 100170 100202 100269 100333 100371 100374 100654	18.06.2020

लवण निरीक्षक

रोल नम्बर	दिनांक
200894 201139 202530 204132 204202 204282 204732 205137 205223	19.06.2020

उक्त दिनांक को निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होने पर इन अभ्यर्थियों को हाथकरघा निरीक्षक एवं लवण निरीक्षक के संबंधित पद पर अंतिम चयन के लिये विचार नहीं किया जायेगा। इसके बाद इन्हें पात्रता की जांच हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

पात्रंता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये

आवश्यक निर्देश" एवं उद्योग विभाग के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती–2018 के लिये दिनांक 13.03.2018 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर Candidate Corner में उपलब्ध है।

2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100/रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी(अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, अति पिछडा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग), विशेष श्रेणी (भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति (विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. **सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है तथा वें परीक्षा शुल्क रूपये 250/– ही जमा कराते है, ऐसे अभ्यर्थी अपने परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के समय आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।**
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
6. **अभ्यर्थी कोरोना वैश्विक महामारी को दृष्टिगत रखते हुये मास्क पहनकर आएंगे एवं सेनेटाईजर का उपयोग करेंगें तथा इस प्रकिया के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता (Personal Hygiene) एवं वैयक्तिक एवं सामाजिक दूरी (Physical and Social Distancing) की पालना सुनिश्चित करेंगे।**

(डॉ. बी.एल. जाटावत)

अध्यक्ष